दिनांक 14 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जन कल्याणकारी शिविरों में योजनाओं के उद्देश्यों की हो पूर्ति , योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने नियमानुसार प्रक्रिया के तहत हो त्वरित निराकरण- आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी

- शिविर स्थलों का जायजा लेने पहुंचे आयुक्त

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव की पहल से सभी जोन क्षेत्रों में जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया जा रहा है! शिविर स्थलों का आज निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निरीक्षण कर जायजा लिया! शिविर के अवलोकन के दौरान आयुक्त श्री रघुवंशी ने कहा कि योजनाओं के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिविर आयोजित किया गया है! हितग्राहियों को स्पष्ट व सही जानकारी मिले साथ ही प्राप्त हो रहे आवेदन का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्रता के साथ नियमानुसार प्रक्रिया के तहत निराकरण हो! आयुक्त सर्वप्रथम जोन क्रमांक 5 सेक्टर 4 के शिविर पहुंचे वहां उन्होंने वार्ड क्षेत्र में प्रचार-प्रसार न होने को लेकर नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि पूर्व से मुनादी और व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हो! ताकि अधिक से अधिक लोग शिविर में आकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें! जोन क्रमांक 1 खमरिया एवं जोन क्रमांक 4 पंडित जवाहरलाल नेहरू स्कूल में आयोजित शिविर स्थल पहुंचे! उन्होंने शिविर स्थल पर नियुक्त प्रत्येक कर्मचारियों से उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली! आए हुए व्यक्तियों के नाम एवं मोबाइल नंबर एंट्री नहीं करने पर नाराजगी जताई! उन्होंने निर्देश दिए कि जो भी व्यक्ति शिविर में आ रहे हैं उनसे नियमानुसार दस्तावेज प्राप्त कर योजनाओं का लाभ दिलावे! यदि हितग्राही दस्तावेज के अभाव में वापस घर की ओर लौटता है

जनसंपर्क अधिकारी